हिन्दुस्तान
लखनऊ, बुधवार, 28 फरवरी 2024


# बेटियों के पढ़ने से समाज में सकारात्मक बदलाव

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यशाला हुई। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से हुई कार्यशाला में बेटी को पढ़ाने से समाज में हो रहे सकारात्मक बदलाव बताए गए। विभाग प्रभारी डा. रूचिता सुजॉय चौधरी के आईसीएसएसआर फंड के अन्तर्गत हुई कार्यशाला में वक्ताओं ने जेंडर सेंसटाइजेशन थ्रू बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ए रोड मैप फॉर सोशल चेंज पर अपनी बात रखी।

CamScanner

# दो छात्रों को मिला एनईडी में दूसरा स्थान

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों उज्ज्वल और प्रदीप ने नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप ड्राइव (एनईडी) राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इन छात्रों ने अपनी मेहनत के दम पर ड्राइव में दूसरा स्थान हासिल किया है। यह ड्राइव आईआईटी गुवाहाटी की पहल पर हुई थी। फाइनल राउंड 21 जनवरी को हुआ था। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

CamScanner

# यूपी वन ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर अग्रसर

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एंटरप्रेनियर ओरियंटेशन प्रोग्राम हुआ। विश्वविद्यालय के अटल हॉल में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने की। मुख्य अतिथि आर्थिक सलाहकार मुख्यमंत्री प्रो. केवी राजू ने कहा कि आज यूपी उद्योग जगत में दूसरे पायदान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि हम ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर अग्रसर है। टूरिज्म के मामले में भी उत्तर प्रदेश पूरे भारत में अव्वल है।

# शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से मना वसंतोत्सव

## हवन-पूजन और भंडारे के साथ सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में वसंत पंचमी शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती को नमन किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग किया।

एकेटीयू में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने विवि परिसर में स्थित देवी सरस्वती प्रतिमा का पूजन किया। प्रति उपकुलपति प्रो. मनीष गौड़, वित्त अधिकारी सुशील गौड़ व विवि के शिक्षक उपस्थित रहे। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने केंद्रीय पुस्तकालय में देवी सरस्वती की प्रतिमा माल्यार्पण व हवन-पूजन संग आरती की। रजिस्ट्रार भावना मिश्रा आदि उपस्थित रहे। डीएवी कॉलेज में काव्य गोष्ठी हुई। प्राचार्य प्रो. राजीव त्रिपाठी उपस्थित रहे। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं व शिक्षकों ने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्राचार्य प्रो. बीना राय व अन्य मौजूद रहे। अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. सुभाष चंद्र दुबे ने पूजन किया।



नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य मंजुला उपाध्याय ने वसंत पंचमी पर पूजन किया। अमर उजाला

नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने हवन-पूजन कर वसंतोत्सव मनाया। प्रबंधक विजय दयाल व शिक्षकगण मौजूद रहे। कालीचरण पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सांस्कृतिक आयोजन हुए। लविवि सहयुक्त कॉलेजेज शिक्षक संघ लुआक्टा ने हनुमान सेतु मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर लगा। भंडारा हुआ। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय, प्रो. अंशु केडिया उपस्थित रहे। आर्यकुल कॉलेज में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर देवी सरस्वती का पूजन किया। प्रबंध निदेशक सशक्त सिंह व अन्य मौजूद रहे। टेक्नो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मुख्य अतिथि पद्मश्री विद्या विंदु सिंह ने वसंत पर लिखे गए साहित्य पर चर्चा की।

## कैम्पस 30s

# भाषा विवि: युवा संवाद में छात्रों का मंथन

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा ( राष्ट्रीय सेवा योजना) विभाग की ओर से युवा संवाद हुआ। विकसित भारत, गुलामी से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एवं एकजुटता, नागरिकों का कर्तव्य की अवधारणा के अंतर्गत भारत के पांच प्राण एक युवा परिचय विषय पर युवा संवाद -इंडिया 2047 में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगानी होगी।

# भाषा विवि : अब तकनीकी कोर्स होंगे बीबीए व बीसीए

संवाद न्यूज एजेंसी


लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम अब प्रोफेशनल पाठ्यक्रम न होकर तकनीकी पाठ्यक्रम होंगे। इसके लिए विवि आगामी सत्र 2024-25 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से अप्रूवल लेगा।

विवि इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अब प्रवेश परीक्षा या सीयूईटी के माध्यम से दाखिले की प्रक्रिया लागू करेगा। अभी तक विवि मेरिट जरिये इन पाठ्यक्रमों में दाखिले लेता था।

प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर अली ने बताया कि बीबीए, बीसीए पाठ्यक्रम अब एआईसीटीई की गाइडलाइन के आधार पर संचालित होंगे। अभी तक यह यूजीसी नियमों के हिसाब से चलते थे। यूजीसी ने भी साफ कर दिया है कि यह कोर्स एआईसीटीई के अधीन होंगे। इसलिए विवि आगामी सत्र से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इसकी गाइडलाइन मानेगा।

उन्होंने बताया कि एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम पहले से ही तकनीकी कोर्स हैं, अब इसमें बीसीए व बीबीए भी शामिल हो जाएंगे। इस पर विस्तृत निर्णय प्रवेश समिति की बैठक में होगा। विवि में इन दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों पर हर साल प्रवेश लिए जाते हैं।

**प्रवेश परीक्षा या सीयूईटी से होंगे दाखिले, अभी तक मेरिट से ही होते थे**



## लविवि खुद ही कराएगा प्रवेश के लिए परीक्षा

बीसीए और बीबीए पाठ्यक्रम में लविवि अपने स्तर से ही प्रवेश लेगा। सहायक प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि इसके लिए विवि अपनी ओर से प्रवेश परीक्षा कराएगा। हम अभी यूजीसी की गाइडलाइन के हिसाब से चल रहे हैं, एआईसीटीई की ओर से जाने का अभी हमारा अभी कोई इरादा नहीं है। लविवि में बीसीए पाठ्यक्रम में 120 और बीबीए में 60 से अधिक सीटें हैं।

CamScanner

लखनऊ मंगलवार
6 फरवरी 2024 | 07


हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

प्रोत्साहन | भाषा विवि में 20 करोड़ से एकेडमिक ब्लॉक की फिनिशिंग के अलावा नया ऑडिटोरियम निर्माण होगा, पुनर्वास विवि को एक करोड़ रुपये का प्रावधान

# पुनर्वास में एकेडमिक ब्लॉक, भाषा विवि में बनेगा ऑडिटोरियम

लखनऊ, संवाददाता। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक-3 बनेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने बजट में एक करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक-1 और एकेडमिक ब्लॉक-2 पहले से मौजूद हैं। विवि की ओर से एकेडमिक ब्लॉक-3 की आवश्यकता को लेकर शासन को एक प्रस्ताव भेजा था। शासन ने एकेडमिक ब्लॉक-3 बनने की मंजूरी दे दी है। सोमवार को सरकार ने बजट पेश किया। इस बजट में एकेडमिक ब्लॉक-3 के लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मीडिया प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि एकेडमिक ब्लॉक-3 चार मंजिला बनाया जाएगा। इसमें क्लासरूम के अलावा अन्य चीजों की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्च तक विश्वविद्यालय एकेडमिक ब्लॉक-3 के निर्माण के संबंध में रिपोर्ट सब्मिट कर देगा। अप्रैल तक विश्वविद्यालय को बजट मिल जाएगा। इसके बाद एकेडमिक ब्लॉक-3 बनना शुरू हो जाएगा।



**भाषा विश्वविद्यालय को मिले 20 करोड़ रुपये:** भाषा विवि को निर्माण पूरा करने के लिए 20 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि एकेडमिक ब्लॉक को फिनिशिंग टच दिया जाना है। इसके अलावा नया ऑडिटोरियम बनना है। कुछ अन्य पेंडिंग निर्माण कार्य होंगे। बजट मिलने पर यह कार्य पूरे होंगे।

## बीबीएयू को पांच करोड़

बीबीएयू में सावित्री बाई फुले गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसे पूरा करने के लिए पांच करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। जल्द ही हॉस्टल का कार्य पूरा किया जाना है। जिससे छात्राओं के रुकने की व्यवस्था की जा सके।

CamScanner



# वैष्णवी को डीजी कमेंडेशन कार्ड अवॉर्ड

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की एनसीसी कैडेट वैष्णवी को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए डीजी कमेंडेशन कार्ड अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्हें सांस्कृतिक समारोह के सफल संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार भी मिला है। छात्रा को कुलपति प्रो. एनबी सिंह और शिक्षकों ने बधाई दी है। (संवाद)

न्यूज़ डायरी

## नैक मूल्यांकन : राज्यपाल ने की समीक्षा

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को राजभवन में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पहली बार होने जा रहे नैक मूल्यांकन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने राज्यपाल को बताया कि विवि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक नैक के लिए इंस्टीट्यूशनल इन्फॉर्मेशन फॉर क्वालिटी असेसमेंट दाखिल कर सकता है। यह एसएसआर दाखिल करने से पूर्व की प्रक्रिया है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि किसी भी क्राइटेरिया में प्रमाण के लिए फोटोग्राफ का दोहराव न करें। गतिविधि का स्पष्ट कैप्शन लिखें। उन्होंने प्रस्तुतिकरण के दौरान विभिन्न स्थानों पर शार्ट टर्म में अंकित जानकारी को देखकर उसे फुल फॉर्म में अंकित करने को कहा। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा व की नैक कमेटी में शामिल शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

हिन्दुस्तान
लखनऊ, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024 13

# भाषा विवि में समीर मिस्टर, अंशिका मिस फ्रेशर

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती के भूगोल विभाग में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन गुरुवार को हुआ। सीनियर विद्यार्थियों के लिए जूनियर छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित इस पार्टी में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में समीर को मिस्टर और अंशिका को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार राय ने बेहतर ढ़ंग से शिक्षा हासिल करने की सलाह दी।

CS CamScanner

एक नजर में

# 'पढ़ाई में कमजोर छात्रों को सीनियर छात्र पढ़ाएं'

जासं, लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय में पहली बार नैक मूल्यांकन की तैयारी चल रही है। इसे लेकर गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में नैक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कुछ जरूरी सुझाव देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में स्नातक में जो छात्र स्लो लर्नर यानी पढ़ाई में कमजोर हैं, उन्हें परास्नातक के छात्र पढ़ाएं।

कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह तक नैक के लिए इंस्टीट्यूशनल इनफार्मेशन फार क्वालिटी एसेसमेंट दाखिल किया जा सकता है, जो सेल्फ स्टडीज रिपोर्ट दाखिल करने से पहले की प्रक्रिया है। राज्यपाल ने रिपोर्ट में फोटोग्राफ कैप्शन सहित लगाने के लिए कहा। एमओयू (मेमोरंडम आफ अंडर स्टैंडिंग) के प्रमाण पत्रों को भी फोटो सहित प्रदर्शित करने के लिए कहा। विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षा से दूर बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए चलाई जा रही बाल पाठशाला की सराहना की। नैक के उच्चतम ग्रेड के लिए कई सुझाव दिए।

CS CamScanner